पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली की टीम को नैक में 'ए प्लस प्लस' प्राप्त होने के उपलक्ष्य में प्रशस्ति-पत्र दिया

दृढ़ संकल्प शक्ति से स्वतः अच्छे परिणाम की प्राप्ति होती है

एन.आई.आर.एफ. तथा क्यू.एस. वर्ल्ड रैंकिंग के लिए तैयारी करें

शिक्षा मंथन-2023 से प्राप्त अनुभवों का उपयोग करें

विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों को नैक हेतु तैयारी कराएं

विश्वविद्यालय की टीम में आपसी लगाव होना महत्वपूर्ण

विश्वविद्यालय को अपना एस.टी.पी. प्लांट विकसित करने और शोध कार्याें को बढ़ावा देने के दिये निर्देश

छात्राओं में लीडरशिप विकसित करने वाले कार्यक्रम बनाएं

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

विश्वविद्यालय की नैक टीम ने राज्यपाल से साझा किए तैयारी के अनुभव

लखनऊः 20 जुलाई, 2023

प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में नैक मूल्यांकन में उच्चतम 'ए प्लस प्लस' ग्रेड प्राप्त महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली की नैक टीम को बधाई व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि नैक मूल्यांकन हेतु की गई तैयारियों ने विश्वविद्यालय में एक सकारात्मक और उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण बनाया है, रचनात्मकता को बढ़ावा मिला है। इसे निरंतरता से आगे बढ़ाने के लिए मूल्यांकन हेतु आयी नैक की पियर टीम ने जो भी कमियाँ बताई हैं, उन्हें दूर करके आगे का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय आगे नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क और क्यू0एस0 वर्ल्ड रैंकिंग के मूल्यांकन मानकांे पर तैयारी करके अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को प्रति पाँच वर्ष पर होने वाले नैक मूल्यांकन हेतु शिक्षण व कार्य व्यवस्था की गुणवत्ता को उत्कृष्ट करने हेतु तैयारियों को निरंतरता से जारी रखने तथा विश्वविद्यालय

की नैक टीम में नये सदस्यों को बढ़ाने का निर्देश भी दिया।

इसी क्रम में राज्यपाल जी ने विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करने को कहा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी विश्वविद्यालय परिसर में कराने हेतु जनपद अलीगढ़ में जिलाधिकारी द्वारा बनाए गए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु सेण्टर की तर्ज पर एक सेण्टर निर्मित किया जाए।

राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को शोध और नवाचारों में भी व्यापक दृष्टिकोण अपनाने को कहा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय निरंतरता से अध्ययन करे कि देश में किन क्षेत्रों में वृहद योजनाएं क्रियान्वित हैं। उसी दिशा में योगदान देने वाले शोध और नवाचार भी विकसित करें।

विश्वविद्यालय की नैक टीम के साथ चर्चाओं के मध्य राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को अपना एसटीपी प्लांट बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की टीम में आपसी लगाव होना काफी महत्वपूर्ण है। इसी क्रम में राज्यपाल जी द्वारा टिफिन बैठक का भी सुझाव दिया गया। बैठक में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय द्वारा बेस्ट प्रैक्टिस के पुस्तक बनाकर रिलीज करने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कार्य समाज से जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों द्वारा अपनी बेस्ट प्रैक्टिस के तहत किए जा रहे ग्राम विकास और सामाजिक उत्थान के कार्य बंगलूरू स्थित नैक मूल्यांकन संस्थान में प्रशंसा के साथ चर्चा का विषय है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर अनुकरणीय भी समझा जा रहा है।

बैठक में राज्यपाल जी से टीम के प्रत्येक सदस्य ने नैक मूल्यांकन की तैयारी से जुड़े कार्यगत और व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर के0 पी0 सिंह ने बताया कि राज्यपाल जी के मार्गदर्शन से टीम वर्क से ये उपलब्धिपरक सफलता प्राप्त हुई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर अधिकारियों, कर्मचारियों के योगदान से उत्कृष्टता का स्तर प्राप्त करना सम्भव हुआ है। उन्होंने राजभवन से प्राप्त दिशा-निर्देश के लिए विशेष धन्यवाद दिया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा श्री पंकज जॉनी, विश्वविद्यालय की नैक टीम के सभी सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

डॉ0 सीमा गुप्ता/कृष्ण कुमार

सूचना अधिकारी, राजभवन

सम्पर्क सूत्र- 8318116361